# कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी
# छत्तीसगढ़

शास्त्री चौक, पुराना मंत्रालय परिसर, रायपुर फोन नं. 0771–2236685 फैक्स नं. 0771–2224476
E-mail-ceoraipur.cg@nic.in

पत्र.क्र–05 / स्वीप / स्टेट अवार्ड / 2022 / 33 रायपुर, दिनांक: 07 JAN 2022

प्रति,

01. समस्त संभागायुक्त,
छत्तीसगढ़

02. कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी,
समस्त छत्तीसगढ़

**विषय:**– राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी 2022 में दिये जाने वाले जिला एवं राज्य स्तरीय पुरस्कार विषयक।

**संदर्भ:**– भारत निर्वाचन आयोग पत्र क्र. 590/ECI/LET//FUNC/SVEEP-III/Awards/ 2021 दिनॉक 14 अक्टूबर 2021

––00––

भारत निर्वाचन आयोग संदर्भित पत्र के माध्यम से निर्वाचन कार्यो में संलग्न अधिकारियों / कर्मचारियों / संस्थाओं को उनके द्वारा **दिनांक 01 जनवरी 2021** के पश्चात् संपादित उत्कृष्ट निर्वाचकीय कार्यों को प्रोत्साहित करने हेतु जिला एवं राज्य स्तर पर आयोजित होने वाले राष्ट्रीय मतदाता दिवस (25 जनवरी 2022) कार्यक्रम में पुरस्कृत करने विषयक निर्देश प्रेषित किये है।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के पालन में छत्तीसगढ़ राज्य में संपन्न फोटोयुक्त मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अर्हता तिथि 01.01.2022 एवं मतदान केन्द्रो के युक्तियुक्तकरण तथा छत्तीसगढ़ में संपादित निर्वाचन कार्य में समग्र रूप से उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों / कर्मचारियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी 2022 के कार्यक्रम में पुरस्कृत किये जाने का निर्णय लिया गया है।

**पुरस्कारों की श्रेणियाँ :–**

**01 जिला स्तरीय पुरस्कार:–**

A) बी.एल.ओ. पुरस्कार।
B) प्रोफेसर नोडल ऑफिसर पुरस्कार।

**02 राज्य स्तरीय पुरस्कार:–**

A) छ0ग0 राज्य से किसी 01 जिला विशेष को **राज्य स्तरीय सर्वश्रेष्ठ जिला** पुरस्कार।
B) स्वीप कार्ययोजना के क्रियान्वयन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिला को राज्य स्तरीय **सर्वश्रेष्ठ जिला** पुरस्कार।
C) उप जिला निर्वाचन अधिकारी पुर स्कार
D) निर्वाचन पर्यवेक्षक पुरस्कार
E) निर्वाचकीय कार्यों में उत्कृष्टता के साथ कार्य करने वाले व्यक्ति / संस्था / पदाधिकारी को राज्य स्तर पर विशेष जूरी पुरस्कार।
F) सर्वश्रेष्ठ क्रियेटिव / स्लोगन तैयार करने वाले अधिकारी / कर्मचारी को राज्य स्तरीय प्रोत्साहन पुरस्कार

G) ERO पुरस्कार।
H) AERO पुरस्कार।
I) सहायक प्रोग्रामर पुरस्कार

**पुरस्कार हेतु विस्तृत दिशा–निर्देश :–**

**01 जिला स्तरीय पुरस्कारः–**

A) **बी.एल.ओ. पुरस्कार :–**

- प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र हेतु **01 पुरस्कार** दिया जाएगा।
- नगद पुरस्कार राशि रु. 5,000/– प्रति बी.एल.ओ. + प्रशस्ति पत्र।
- बी.एल.ओ. पुरस्कार का वितरण राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2022 के जिला स्तरीय समारोह में किया जावेगा।
- कुल पुरस्कारो की संख्या विधानसभा क्षेत्र की संख्या के बराबर होगी।
- किसी विधानसभा क्षेत्र का एक से अधिक जिलो में विस्तारीकरण की स्थिति में मु.नि.प. के अनुमोदन के पश्चात् ही पुरस्कारों की संख्या में वृद्धि की जा सकेगी।

**नामांकन प्रकियाः–**

- बीएलओ पुरस्कार हेतु चयन प्रारूप (I) संलग्न है जिसका सुक्ष्म अध्ययन किया जाकर बीएलओ की व्यक्तिगत जानकारी के साथ ही प्रश्नावलियों के आधार पर अन्य आवश्यक प्रविष्टियों को ERO द्वारा भरा जाकर संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारी को प्रतिवेदित किया जावेगा।
- जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय स्तर पर गठित पुरस्कार निर्धारण कमेटी द्वारा ERO से प्राप्त सभी नामांकनों की जांच किया जाकर मूल्यांकन एवं मतांकन के आधार पर बीएलओ सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले बीएलओ के नाम को पुरस्कार हेतु चयन करेंगे।

**चयन समिति :–**

बी.एल.ओ पुरस्कार हेतु अभ्यावेदनों पर अंतिम निर्णय लेने हेतु जिला स्तर पर निम्नानुसार चयन समिति गठित होगी :–

1 जिला निर्वाचन अधिकारी– (अध्यक्ष)
2 मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत– (सदस्य)
3. उप जिला निर्वाचन अधिकारी–(सदस्य)

**नोट**– चयन समिति दिनॉक 20.01.2022 तक चयनित बी.एल.ओ. की सूची इस कार्यालय को उपलब्ध करायेंगे।

**बी.एल.ओ. पुरस्कार हेतु मापदंड :–**

बीएलओ पुरस्कार के मापदंड हेतु जिला स्तरीय पुरस्कार प्रारूप (I) का अवलोकन करें।

B) **प्रोफेसर नोडल ऑफिसर पुरस्कार :–**

- पुरस्कारों की संख्या प्रत्येक जिला हेतु 01 प्रोफेसर नोडल ऑफिसर।
- प्रोफेसर नोडल ऑफिसर नगद पुरस्कार राशि रू 7,000/– एवं प्रशस्ति पत्र।
- प्रोफेसर नोडल ऑफिसर पुरस्कार प्रत्येक जिला के महाविद्यालयों में नियुक्त प्रोफेसर नोडल अधिकारियों में से उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रोफेसर को राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी 2022 के जिला स्तरीय समारोह में पुरस्कृत किया जावेगा।

**प्रोफेसर नोडल ऑफिसर मापदंड–**

प्रोफेसर नोडल ऑफिसर पुरस्कार के मापदंड हेतु जिला स्तरीय पुरस्कार प्रारूप (II) का अवलोकन करें।

**नामांकन प्रकिया :–**

पुरस्कार हेतु इच्छूक समस्त प्रोफेसर नोडल ऑफिसर अपना नामांकन जिला स्तरीय पुरस्कार प्रारूप (II) में 15.01.2022 तक प्राचार्य के माध्यम से जिला निर्वाचन अधिकारी को प्रेषित् करेंगे।

**चयन समितिः–**

प्राप्त आवेदनो पर अंतिम निर्णय हेतु जिला स्तर पर निम्नानुसार चयन समिति गठित होगीः–

1. जिला निर्वाचन अधिकारी– (अध्यक्ष)
2. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत– (सदस्य)
3. उप जिला निर्वाचन अधिकारी– (सदस्य)
4. प्राचार्य जिला के चिन्हित महाविद्यालय– (सदस्य)

**समिति की बैठकः–**

जिला कार्यालय द्वारा उक्त विषयक बैठक दिनांक 18.01.2022 से 20.01.2022 के मध्य आवश्यक रूप से आयोजित कर पुरस्कार हेतु प्राप्त अभ्यावेदनों की संविक्षा उपरांत पुरस्कार हेतु पात्र किसी **01 प्रोफेसर नोडल ऑफिसर** का चयन करेंगे। समिति द्वारा उपरोक्तानुसार चयनित अधिकारी का नाम व उनके द्वारा किये गए कार्य के विवरण सहित समस्त दस्तावेज मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय को दिनांक 20.01.2022 तक ई–मेल के माध्यम से आवश्यक रूप से उपलब्ध करा दिया जाना होगा।

**(2) राज्य स्तरीय पुरस्कारः–**

**A) <u>छ0ग0 राज्य से किसी 01 जिला विशेष को राज्य स्तरीय सर्वश्रेष्ठ जिला पुरस्कार :–</u>**

- पुरस्कार का नाम– राज्य स्तरीय **सर्वश्रेष्ठ जिला** पुरस्कार
- संपूर्ण छ0ग0 राज्य हेतु पुरस्कारों की संख्या –01 (एक पुरस्कार)
- <u>पुरस्कार राशि/स्वरूप–</u>
- जिला को मानद प्रमाण पत्र के साथ विजेता शील्ड एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को **राशि रू 10,000/–** का नगद पुरस्कार प्रदान किया जावेगा। पुरस्कार लेने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी स्वयं उपस्थित होंगे। अपरिहार्य स्थिति में पुरस्कार लेने हेतु किसी अन्य को प्रतिनिधि नियुक्त कर सकते है जो कि डिप्टी कलेक्टर अधिकारी रैंक से नीचे का न हो।
- पुरस्कार का वितरण राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी 2022 के राज्य स्तरीय समारोह में किया जाएगा।

**चयन प्रकिया–**

पुरस्कार प्राप्त करने हेतु उत्सुक समस्त जिला निर्वाचन अधिकारी अपने जिला में निर्वाचन से संबंधित संपन्न गतिविधियों को निरूपित करते हुए अपना प्रतिवेदन राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रारूप (III) में सीधे मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छ0ग0 रायपुर को प्रेषित् करेंगे। राज्य स्तरीय **सर्वश्रेष्ठ जिला** पुरस्कार हेतु पात्र जिले का निर्णय मु.नि.प. के अधीन गठित समिति करेगी। पुरस्कार हेतु आवेदन प्रेषित् करने की अंतिम तिथि 15.01.2022 निर्धारित है।

**पुरस्कार हेतु मापदंड–**

पुरस्कार के मापदंड हेतु राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रारूप (III) का अवलोकन करें।

**B) स्वीप कार्ययोजना के कियान्वयन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिला को राज्य स्तरीय सर्वश्रेष्ठ जिला पुरस्कार :–**

- संपूर्ण छ0ग0 राज्य हेतु पुरस्कारों की संख्या –01 (एक पुरस्कार)
- पुरस्कार स्वरूप–
- तत्कालीन कार्यरत जिला निर्वाचन अधिकारी जिसके कार्यकाल के दौरान अधिकांश उपलब्धियॉ हासिल की गई हो उस जिला निर्वाचन अधिकारी को नगद पुरस्कार **राशि रू 10,000/–** एवं मानद प्रमाण पत्र के साथ विजेता शील्ड प्रदान किया जावेगा।
- पुरस्कार का वितरण राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2022 के राज्य स्तरीय समारोह में किया जाएगा।

**चयन प्रकिया –**

पुरस्कार प्राप्त करने हेतु उत्सुक समस्त जिला निर्वाचन अधिकारी अपने जिला में स्वीप कार्ययोजना से संबंधित संपन्न गतिविधियों को निरूपित करते हुए अपना प्रतिवेदन राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रारूप (IV) में सीधे मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छ0ग0 रायपुर को प्रेषित् करेंगे। राज्य स्तरीय जिला पुरस्कार हेतु पात्र जिले का निर्णय मु.नि.प. के अधीन गठित समिति करेगी। पुरस्कार हेतु आवेदन प्रेषित् करने की अंतिम तिथि 15.01.2022 है।

**C) उप जिला निर्वाचन अधिकारी पुरस्कार :–**

- कुल पुरस्कारो की संख्या– 01
- पुरस्कार राशि रू 8,000/– एवं प्रशस्ति पत्र।
- इस श्रेणी के पुरस्कार का निर्धारण राज्य स्तर पर किया जाना है, जिस हेतु राज्य से 01 **उप जिला निर्वाचन अधिकारी** का चयन किया जाकर उसे राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2022 के राज्य स्तरीय समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा।

**नामांकन प्रकिया :–**

पुरस्कार प्राप्त करने हेतु उत्सुक समस्त उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपना नामांकन राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रारूप (V) में संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुशंसा प्रस्ताव सहित सीधे मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय छत्तीसगढ़ को प्रेषित करेंगे।

**चयन प्रकिया–**

उप जिला निर्वाचन अधिकारी पुरस्कार हेतु पात्र अधिकारी का निर्णय मु.नि.प. के अधीन गठित समिति करेगी। पुरस्कार हेतु आवेदन प्रेषित् करने की अंतिम तिथि 15.01.2022 निर्धारित है।

**पुरस्कार हेतु मापदंड–**

पुरस्कार के मापदंड हेतु राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रारूप (V) का अवलोकन करें।

**D) निर्वाचन पर्यवेक्षक पुरस्कार :–**

- कुल पुरस्कारो की संख्या– 01
- पुरस्कार राशि रू 6,000/– एवं प्रशस्ति पत्र।
- इस श्रेणी के पुरस्कार का निर्धारण राज्य स्तर पर किया जाना है, जिस हेतु राज्य से 01 **निर्वाचन पर्यवेक्षक** का चयन किया जाकर उसे राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2022 के राज्य स्तरीय समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा।

**नामांकन प्रकिया :–**

पुरस्कार प्राप्त करने हेतु उत्सुक समस्त **निर्वाचन पर्यवेक्षक** अपना नामांकन राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रारूप (VI) में संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुशंसा प्रस्ताव सहित सीधे मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय छत्तीसगढ़ को प्रेषित करेंगे।

**चयन प्रकिया–**

**निर्वाचन पर्यवेक्षक** पुरस्कार हेतु पात्र अधिकारी का निर्णय मु.नि.प. के अधीन गठित समिति करेगी। पुरस्कार हेतु आवेदन प्रेषित् करने की अंतिम तिथि 20.01.2022 निर्धारित है।

**पुरस्कार हेतु मापदंड–**

पुरस्कार के मापदंड हेतु राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रारूप (VI) का अवलोकन करें।

**E) निर्वाचन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों/संस्थाओं/पदाधिकारियों को राज्य स्तर पर विशेष जूरी पुरस्कार।**

- संपूर्ण छ0ग0 राज्य हेतु पुरस्कारों की संख्या –01 (एक पुरस्कार)
- पुरस्कार हेतु चयनित संस्थाओं/व्यक्तियों/पदाधिकारियों को **राशि रू 7,500/–** का नगद पुरस्कार + प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जावेगा।
- **पुरस्कार स्वरूप–**

  पुरस्कार हेतु चयनित व्यक्तियों/संस्थाओं/पदाधिकारियों को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा **राशि रू 7,500/–** का नगद पुरस्कार + प्रशस्ती पत्र प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार हेतु चयनित व्यक्तियों/संस्थाओं /पदाधिकारियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2022 के राज्य स्तरीय समारोह में पुरस्कार प्राप्त करने हेतु आमंत्रित किया जायेगा।

**चयन प्रकिया –**

- उपरोक्त श्रेणी के पुरस्कार को प्राप्त करने हेतु इच्छूक व्यक्ति/संस्था/पदाधिकारी द्वारा समयावधि मे संपादित निर्वाचकीय कार्यों में अपने योगदान एवं उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए रंगीन फोटो एवं वीडियो क्लिप/न्यूज़ पेपर कटिंग को संलग्न कर अपना प्रतिवेदन राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रारूप (VII) में संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारी को दिनांक 15.01.2022 तक प्रस्तुत करेंगे।
- जिला निर्वाचन अधिकारी प्राप्त ऐसे सभी नामांकनों को अपनी अनुशंसा सहित प्रतिवेदन मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छ0ग0 रायपुर को दिनांक 20.01.2022 तक प्रेषित् करेंगे। मुनिप. स्तर पर गठित चयन समिति जिलों से प्राप्त अभ्यावेदनों को संविक्षा उपरांत पुरस्कार हेतु पात्र व्यक्ति/संस्था/पदाधिकारी का चयन करेगा जिसकी सूचना संबधितों को समयावधि में दे दी जावेगी।

**पुरस्कार हेतु मापदंड :–**

पुरस्कार के मापदंड हेतु राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रारूप (VII) का अवलोकन करें।

**F) सर्वश्रेष्ठ कियेटिव/स्लोगन तैयार करने वाले अधिकारी/कर्मचारी को राज्य स्तरीय प्रोत्साहन पुरस्कार–**

- संपूर्ण छ0ग0 राज्य हेतु पुरस्कारों की संख्या –01 (एक पुरस्कार)

- **पुरस्कार स्वरूप–**
- पुरस्कार हेतु चयनित अधिकारी/कर्मचारी को **राशि रू 7,500/–** का नगद पुरस्कार + प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जावेगा।
- मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत् जिला एवं राज्य स्तर पर समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु/सोशल मीडिया में प्रयोग तथा होर्डिंग/बैनर/पोस्टर तथा दिवारों पर नारा लेखन में प्रयुक्त होने वाले क्रियेटिव एवं मतदाता जागरूकता के संदेशों को उत्कृष्टता से डिजाईन करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को राज्य स्तरीय प्रोत्साहन पुरस्कार दिया जावेगा।
- पुरस्कार का वितरण राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2022 के राज्य स्तरीय समारोह में किया जाएगा।

**नामांकन प्रकिया–**

पुरस्कार प्राप्त करने हेतु उत्सुक अधिकारी/कर्मचारी तैयार किये गये क्रियेटिव/स्लोगन को संकलित करते हुए अपना प्रतिवेदन जिला निर्वाचन अधिकारी को प्रस्तुत करेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी प्राप्त ऐसे सभी नामांकनों को अपनी अनुशंसा सहित प्रतिवेदन मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छ0ग0 रायपुर को दिनांक 20.01.2022 तक प्रेषित् करेंगे।

**चयन समिति –**

पुरस्कार हेतु पात्र अधिकारी/कर्मचारी का चयन मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय स्तर पर गठित समिति द्वारा किया जावेगा।

**पुरस्कार हेतु मापदंड :–**

पुरस्कार के मापदंड हेतु राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रारूप (VIII) का अवलोकन करें।

**G) ERO पुरस्कार :–**

- कुल पुरस्कारो की संख्या 05 (प्रत्येक संभाग से 01)
- पुरस्कार राशि रू 7,500/– एवं प्रशस्ति पत्र।
- इस श्रेणी के पुरस्कार का निर्धारण संभाग स्तर पर किया जाना है। इस हेतु प्रत्येक संभाग से 01 ERO का चयन किया जाकर उसे राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2022 के राज्य स्तरीय समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा।

**नामांकन प्रकिया :–**

- **ERO** पुरस्कार हेतु नामांकन प्रारूप, राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रारूप (IX) संलग्न है जिसका सुक्ष्म अध्ययन किया जाकर ERO की व्यक्तिगत जानकारी के साथ ही प्रश्नावलियों के आधार पर अंकित अन्य आवश्यक प्रविष्टियों को जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा भरा जाकर संबंधित संभागायुक्त को प्रतिवेदित किया जावेगा।
- संभागायुक्त कार्यालय स्तर पर गठित पुरस्कार निर्धारण कमेटी द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त सभी नामांकनों की जांच किया जाकर मूल्यांकन एवं मतांकन के आधार पर सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले **ERO** के नाम को पुरस्कार हेतु चयन करेंगे।

**चयन समिति :–**

पुरस्कार हेतु पात्र **ERO** के चयन हेतु प्रत्येक संभाग में संभागायुक्त की अध्यक्षता में एक समिति गठित की जावे जिसके अन्य सदस्य निम्नानुसार होंगे–

1. संभाग मुख्यालय के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी– (सदस्य)
2. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के प्रतिनिधि– (सदस्य)
3. उपायुक्त – (सदस्य एवं समन्वयक)

**समिति की बैठक–**

संभागायुक्त कार्यालय द्वारा उक्त विषयक बैठक दिनांक 18.01.2022 से 20.01.2022 के मध्य आवश्यक रूप से आयोजित कर अभ्यावेदनों की संविक्षा उपरांत पुरस्कार हेतु पात्र किसी 01 **ERO** का चयन करेंगे। समिति द्वारा उपरोक्तानुसार चयनित अधिकारी का नाम व उनके द्वारा किये गए कार्य के विवरण सहित समस्त दस्तावेज मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय को दिनांक 20.01.2022 तक ई–मेल के माध्यम से आवश्यक रूप से उपलब्ध करा दिया जाना होगा।

**ERO पुरस्कार हेतु मापदंड :–**

पुरस्कार के मापदंड हेतु राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रारूप (IX) का अवलोकन करें।

**H) <u>AERO पुरस्कार</u> :–**

- कुल पुरस्कारो की संख्या 05 (प्रत्येक संभाग से 01)
- पुरस्कार राशि रू 7,500/– एवं प्रशस्ति पत्र।
- इस श्रेणी के पुरस्कार का निर्धारण संभाग स्तर पर किया जाना है। इस हेतु प्रत्येक संभाग से 01 AERO का चयन किया जाकर उसे राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2022 के राज्य स्तरीय समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा।

**नामांकन प्रकिया :–**

- **AERO** पुरस्कार हेतु नामांकन प्रारूप, राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रारूप (X) संलग्न है, जिसका सुक्ष्म अध्ययन किया जाकर AERO की व्यक्तिगत जानकारी के साथ ही प्रश्नावलियों के आधार पर अंकित अन्य आवश्यक प्रविष्टियों को जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा भरा जाकर संबंधित संभागायुक्त को प्रतिवेदित किया जावेगा।
- संभागायुक्त कार्यालय स्तर पर गठित पुरस्कार निर्धारण कमेटी द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त सभी नामांकनों की जांच किया जाकर मूल्यांकन एवं मतांकन के आधार पर सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले **AERO** के नाम को पुरस्कार हेतु चयन करेंगे।

**चयन समिति :–**

पुरस्कार हेतु पात्र **AERO** के चयन हेतु प्रत्येक संभाग में संभागायुक्त की अध्यक्षता में एक समिति गठित की जावे जिसके अन्य सदस्य निम्नानुसार होंगे–

4. संभाग मुख्यालय के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी– (संदस्य)
5. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के प्रतिनिधि– (सदस्य)
6. उपायुक्त – (सदस्य एवं समन्वयक)

**समिति की बैठक–**

संभागायुक्त कार्यालय द्वारा उक्त विषयक बैठक दिनांक 18.01.2022 से 20.01.2022 के मध्य आवश्यक रूप से आयोजित कर अभ्यावेदनों की संविक्षा उपरांत पुरस्कार हेतु पात्र किसी 01 **AERO** का चयन करेंगे। समिति द्वारा उपरोक्तानुसार चयनित अधिकारी का नाम व उनके द्वारा किये गए कार्य के विवरण सहित समस्त दस्तावेज मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय को दिनांक 20.01.2022 तक ई–मेल के माध्यम से आवश्यक रूप से उपलब्ध करा दिया जाना होगा।

**AERO पुरस्कार हेतु मापदंड :–**

पुरस्कार के मापदंड हेतु राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रारूप (X) का अवलोकन करें।

## I) सहायक प्रोग्रामर पुरस्कार

- कुल पुरस्कारो की संख्या 05 (प्रत्येक संभाग से 01)
- पुरस्कार राशि रू 6,000/— एवं प्रशस्ति पत्र।
- इस श्रेणी के पुरस्कार का निर्धारण संभाग स्तर पर किया जाना है। इस हेतु प्रत्येक संभाग से 01 **सहायक प्रोग्रामर** का चयन किया जाकर उसे राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2022 के राज्य स्तरीय समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा।

**नामांकन प्रकिया :—**

सहायक प्रोग्रामर विहित प्रपत्र में अपना नामांकन संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारी को प्रेषित कर सकेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी स्वयं भी सहायक प्रोग्रामर को नामित कर सकते है। जिला निर्वाचन अधिकारी सहायक प्रोग्रामर द्वारा प्राप्त नामांकन पत्रों को अपने अभिमत सहित संभागायुक्त को प्रेषित करेंगे।

**चयन समिति :—**

पुरस्कार हेतु पात्र **सहायक प्रोग्रामर** के चयन हेतु प्रत्येक संभाग में संभागायुक्त की अध्यक्षता में एक समिति गठित की जावे जिसके अन्य सदस्य निम्नानुसार होंगे—

01. संभाग मुख्यालय के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी— (सदस्य)
02. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के प्रतिनिधि— (सदस्य)
03. उपायुक्त — (सदस्य एवं समन्वयक)

**समिति की बैठक—**

जिला कार्यालय द्वारा उक्त विषयक बैठक दिनांक 18.01.2022 से 20.01.2022 के मध्य आवश्यक रूप से आयोजित कर पुरस्कार हेतु प्राप्त अभ्यावेदनों की संविक्षा उपरांत पुरस्कार हेतु पात्र किसी **01 सहायक प्रोग्रामर** का चयन करेंगे। समिति द्वारा उपरोक्तानुसार चयनित सहायक प्रोग्रामर का नाम व उनके द्वारा किये गए कार्य के विवरण सहित समस्त दस्तावेज मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय को दिनांक 20.01.2022 तक ई—मेल के माध्यम से आवश्यक रूप से उपलब्ध करा दिया जाना होगा।

**सहायक प्रोग्रामर पुरस्कार हेतु मापदंड :—**

पुरस्कार के मापदंड हेतु राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रारूप (XI) का अवलोकन करें।

**आबंटन संबंधित सूचना—**

बी.ए.लो. एवं प्राध्यापक नोडल ऑफिसर पुरस्कार योजना हेतु जिलो को पृथक से आबंटन दिया जावेगा। उपरोक्त पुरस्कार संबंधित सूचना समस्त **ERO/AERO** एवं **BLOs** तथा निर्वाचन कार्य से जुड़े समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उपलब्ध करावें। प्राध्यापक नोडल ऑफिसर पुरस्कार योजना हेतु जिला के समस्त उच्च शैक्षणिक संस्थानों में सूचना उपलब्ध कराया जावे।

पुरस्कार हेतु विहित नामांकन प्ररूप इस कार्यालय के वेबसाईट www.ceochhattisgarh.nic.in पर जाकर सीधे डाउनलोड भी कर सकते है। उक्त संबंध में की गई कार्यवाही से इस कार्यालय को **दिनॉक 20.01.2022** तक अनिवार्य रूप से अवगत करावें।

संलग्नक :–

**01 जिला स्तरीय पुरस्कारः–**

A) बी.एल.ओ. पुरस्कार नामांकन प्रारूप ।

B) प्रोफेसर नोडल ऑफिसर पुरस्कार नामांकन प्रारूप ।

**02 राज्य स्तरीय पुरस्कारः–**

A) छ0ग0 राज्य से किसी 01 जिला विशेष को राज्य स्तरीय सर्वश्रेष्ठ जिला पुरस्कार नामांकन प्रारूप ।

B) स्वीप कार्ययोजना के क्रियान्वयन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिला को राज्य स्तरीय सर्वश्रेष्ठ जिला पुरस्कार नामांकन प्रारूप ।

C) उप जिला निर्वाचन अधिकारी पुरस्कार नामांकन प्रारूप ।

D) निर्वाचन पर्यवेक्षक पुरस्कार नामांकन प्रारूप ।

E) निर्वाचकीय कार्यों में उत्कृष्ठता के साथ कार्य करने वाले व्यक्ति / संस्था / पदाधिकारी को राज्य स्तर पर विशेष जूरी पुरस्कार नामांकन प्रारूप ।

F) सर्वश्रेष्ठ क्रियेटिव / स्लोगन तैयार करने वाले अधिकारी / कर्मचारी को राज्य स्तरीय प्रोत्साहन पुरस्कार नामांकन प्रारूप।

G) ERO पुरस्कार नामांकन प्रारूप ।

H) AERO पुरस्कार नामांकन प्रारूप ।

I) सहायक प्रोग्रामर पुरस्कार नामांकन प्रारूप ।

6.1.2022

(रीना बाबासाहेब कंगाले)
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी
छत्तीसगढ़ रायपुर

जिला स्तरीय पुरस्कार
प्रारुप (I)

# बी.एल.ओ. पुरस्कार हेतु चयन प्रारूप
## कुल अंक 45

SSR-2022 के दौरान मतदान केन्द्रवार प्राप्त फार्म 6 एवं 7 के कुल योग के आधार पर ERO द्वारा विधानसभा क्षेत्र की मतदान केन्द्रवार घटते क्रम में सारणी तैयार की जाये। तैयार सारणी में से सर्वोच्च संख्या में फार्म प्राप्त करने वाले 10 बीएलओ को पुरस्कार हेतु विचारण क्षेत्र में रखा जावेगा। 10वें क्रम संख्या में एक समान फार्म प्राप्त करने वाले सभी बीएलओ को विचारण हेतु सम्मिलित किया जाएगा।

विचारण में लिए गये सभी बीएलओ हेतु निम्नांकित प्रश्नावली ERO द्वारा भरा जाकर जिला निर्वाचन अधिकारी को प्रतिवेदित किया जाए–

**01.** बी.एल.ओ. का नाम– ..........................................................

**02.** पदनाम–..........................................................

**03.** पदस्थापना का स्थान–..........................................................

**04.** विधान सभा का क्रमांक एवं नाम –..........................................................

**05.** मतदान केन्द्र का विवरण (क्रमांक एवं नाम)–..........................................................

**06.** विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अर्हता तिथि 01.01.2022 हेतु एकत्रित कुल फार्मो (Online+Offline) की संख्या का विवरण– **(अधिकतम–10 अंक)**

| प्रारंभिक प्रकाशन में मतदान केन्द्र में कुल मतदाताओं की संख्या | बीएलओ रजिस्टर में दर्ज पात्र व्यक्तियों एवं कुल प्राप्त (Online+Offline) फार्मों का तुलनात्मक विवरण | | | | | | बीएलओ रजिस्टर में दर्ज संख्या में से प्राप्त फार्मों का विचलन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | बीएलओ रजिस्टर के अनुसार फार्म 6 भरे जाने हेतु पात्र व्यक्तियों की संख्या | प्राप्त फार्म 6 | बीएलओ रजिस्टर के अनुसार फार्म 7 भरे जाने हेतु पात्र व्यक्तियों की संख्या | प्राप्त फार्म 7 | बीएलओ रजिस्टर के अनुसार कुल अपेक्षित फार्म | कुल प्राप्त फार्म | |
| | A | B | C | D | (A+C) | (B+D) | (A+C)-(B+D) |
| | | | | | | | |

| **विचलन की स्थिति** | **निर्धारित अंक** |
|---|---|
| 0 – 5 | 10 अंक |
| 6 – 10 | 07 अंक |
| 11 –15 | 05 अंक |
| 15 – से अधिक | 00 अंक |

**07.** Garuda App के माध्यम से BLO द्वारा भरे गये फार्मों की संख्या–

**(अधिकतम–10 अंक)**

| प्रारंभिक प्रकाशन में मतदान केन्द्र में कुल मतदाताओं की संख्या | कुल प्राप्त (Online+Offline) फार्मों में से Garuda App के माध्यम से प्राप्त फार्मों की तुलनात्मक विवरण | | | | | | कुल प्राप्त (Online+ Offline) फार्मों की संख्या में से Garuda App के माध्यम से प्राप्त फार्मों का विचलन का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल प्राप्त फार्म 6 | | कुल प्राप्त फार्म 7 | | कुल प्राप्त फार्म | | |
| | कुल प्राप्त (Online+ Offline) फार्मों की संख्या | Garuda App के माध्यम से प्राप्त फार्मों की कुल संख्या | कुल प्राप्त (Online+ Offline) फार्मों की संख्या | Garuda App के माध्यम से प्राप्त फार्मों की कुल संख्या | | | |
| | A | B | C | D | (A+C) | (B+D) | (B+D) --------- X 100 (A+C) |
| | | | | | | | |

| **विचलन % की स्थिति** | **निर्धारित अंक** |
|---|---|
| 20% या उससे कम | 10 अंक |
| 21% से 30% | 07 अंक |
| 31% से 40% | 05 अंक |
| 41% से 50% | 03 अंक |
| 51% या उससे अधिक | 00 अंक |

**08.** BLO द्वारा Garuda App में मतदान केन्द्र से संबंधित जानकारी अद्यतन करने के संबंध में–

**(अधिकतम–05 अंक)**

a. Login करने की तिथि–

b. Lat Long update करने की तिथि–

c. AMF & Photo update करने की तिथि–

(यदि दिनांक 31.10.2021 तक सभी कार्य पूर्ण किया गया होगा तो 05 अंक अन्यथा 0 अंक)

**09.** विशेष शिविर के दौरान प्राप्त फार्मों की संख्या–

**(अधिकतम–10 अंक)**

| शिविर दिनांक | शिविर दिनांक को प्राप्त फॉर्म (केवल offline) | | | | | संपूर्ण पुनरीक्षण अवधि में मतदान केन्द्र में कुल प्राप्त फॉर्म | कुल प्राप्त (केवल offline) फार्मो में से विशेष शिविर दिनांक को प्राप्त फार्मों का प्रतिशत– |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 7 | 8 | 8क | **योग** | कुल | |
| 14.11.2021 | | | | | | | |
| 21.11.2021 | | | | | | | |
| | | | | | | | |

| **विचलन % की स्थिति** | **निर्धारित अंक** |
|---|---|
| 20 – कम | 10 अंक |
| 21 – 30 | 07 अंक |
| 31 – 40 | 05 अंक |
| 41 – 50 | 03 अंक |
| 51 – अधिक | 00 अंक |

**10.** पुनरीक्षण अवधि में जोड़े गये 18–20 वर्ष के मतदाताओ की संख्या का प्रतिशतः–

**(अधिकतम–10 अंक)**

| बीएलओ रजिस्टर के अनुसार 18–20 वर्ष के पात्र व्यक्तियों की संख्या | 18–20 वर्ष के आयु वर्ग से जोड़े गये मतदाताओं की संख्या | कुल मतदाताओं की संख्या में से जोड़े गये 18–20 आयु वर्ग के मतदाताओं का प्रतिशत |
|---|---|---|
| | | |

| **जोड़े गये 18–20 वर्ष के मतदाताओं प्रतिशत** | **निर्धारित अंक** |
|---|---|
| 80 से 100 | 10 अंक |
| 60 से 79 | 07 अंक |
| 40 से 59 | 05 अंक |
| 20 से 39 | 03 अंक |
| 20 से कम | 00 अंक |

## ERO का प्रतिवेदन–

प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त प्रश्नावली में भरे गये आंकड़ों का मिलान वास्तविक आंकड़ों से किया गया है एवं सभी आंकड़े सत्यापन में सही पाए गये है।

ERO का नाम एवं हस्ताक्षर
विस. क्षेत्र कमांक........ एवं नाम..........जिला................
मुहर

## जिला स्तर कमेटी का निर्णय–

प्रमाणित किया जाता है कि विधानसभा क्षेत्र क्रमांक.............................. विधानसभा का नाम................................के ERO ............................................द्वारा उनके प्रतिवेदन के साथ संलग्न कुल नामांकनों की जांच की गई एवं मूल्यांकन किया गया एवं मूल्यांकन के आधार पर बीएलओ श्री/कु./श्रीमती/सुश्री .......................................मतदान केन्द्र क्रमांक............ म.केन्द्र का नाम.......................................वि.स. क्षेत्र क्रमांक............. वि.स. का नाम............................. जिला....................... का प्राप्तांक ..................है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **सदस्य** | **सदस्य** | **सदस्य** |

जिला स्तरीय पुरस्कार

**प्रारुप (II)**

# प्रोफेसर नोडल ऑफिसर पुरस्कार हेतु नामांकन प्रारुप
## कुल अंक 15

**01.** प्रोफेसर का नाम– ..............................................................................................................

**02.** महाविद्यालय का नामः–..............................................................................................................

**03.** जिला का नाम –.................. ..............................................................................................

**04.** सत्र में नवप्रवेशित छात्र–छात्राओं तथा मतदाता सूची में नाम दर्ज नही करा पाने वाले छात्र–छात्राओ का नाम मतदाता सूची में जुड़वाने हेतु किया गया उल्लेखनीय कार्य (कुल प्रवेशित छात्रों के मध्य प्रारूप 06 के वितरण एवं निराकरण की स्थिति में)

**कुल अंक–04**

**05.** जिला स्तर पर एवं महाविद्यालय स्तर पर आयोजित होने वाले मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में उनकी हिस्सेदारी एवं रूचि।

**कुल अंक–03**

**06.** प्रोफेसर नोडल अधिकारी द्वारा स्वयं से पहल करते हुए उनके द्वारा मतदाता जागरूकता के सबंध में किये गये उल्लेखनीय कार्य ।

**कुल अंक–03**

**07.** जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा आयोजित कैम्पस अंबेसडर एवं प्राध्यापक नोडल अधिकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम में भागीदारी की स्थिति।

**कुल अंक–01**

**08.** निर्वाचन संबंधित अन्य कार्यो में भागीदारी।

**कुल अंक–01**

**09.** महाविद्यालय में नवप्रवेशित छात्रों के मध्य प्रारूप–06 के वितरण एवं निराकरण का व्यौराः–

| सत्र् में महाविद्यालय में नवप्रवेशित छात्र–छात्राओं की संख्या | | | प्रारूप–06 के वितरण की स्थिति | | | ईपिक वितरण की स्थिति | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| छात्र | छात्रा | कुल | छात्र | छात्रा | कुल | छात्र | छात्रा | कुल |
| | | | | | | | | |

**कुल अंक–03**

**10.** अन्य जानकारी जो प्रोफेसर देना चाहें।

**नोट**–पुरस्कार हेतु पात्र **प्रोफेसर नोडल ऑफिसर** का चयन उपरोक्तानुसार प्रस्तावित अंक तालिका के अनुसार किया जावेगा। कुल स्वीकृत अंक 15 में से सर्वाधिक अंक पाने वाले अधिकारी का नाम चयन समिति द्वारा प्रस्तावित किया जावेगा तथापि समान अंक होने पर समिति अपने विवेक के आधार पर 02 अंक प्रदान कर सकेंगे।

प्रोफेसर नोडल ऑफिसर के हस्ताक्षर

नामः–

पदनामः–

मोबाईल नंबर–

प्रति हस्ताक्षरित

प्राचार्य

महाविद्यालय का पूरा नाम एवं पता

# राज्य स्तरीय सर्वश्रेष्ठ जिला पुरस्कार हेतु नामांकन प्रारूप

**01**. जिला का नाम– ..........................................................................................................

**02**. संभाग का नाम– ..........................................................................................................

**03**. जिला में कुल विधान सभा की संख्या ..........................................................................

**04**. जिला निर्वाचन अधिकारी का नाम ............................................................................

**05**. ERO/AERO के प्रशिक्षण की स्थिति एवं उपलब्धि।

**06**. ERO/AERO को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों से अवगत कराना एवं पालन प्रतिवेदन की समीक्षा हेतु की गई कार्यवाही का विवरण।

**07**. DCC एवं PGRS से प्राप्त शिकायतों के निराकरण की स्थिति।

**08**. सतत् पुनरीक्षण एवं मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2022 के दौरान संपूर्ण जिला हेतु प्राप्त फार्म पर कार्यवाही की स्थिति।

**सतत् पुनरीक्षण कार्यक्रम दौरान प्राप्त फार्म पर कार्यवाही की स्थिति।**

| प्राप्त फॉर्म | | | | निराकरण | | | | सर्वर में अपडेट | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 8 | 8क | 6 | 7 | 8 | 8क | 6 | 7 | 8 | 8क |
| | | | | | | | | | | | |

**विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01.01.2022 के दौरान प्राप्त फार्म पर कार्यवाही की स्थिति।**

| प्राप्त फॉर्म | | | | निराकरण | | | | सर्वर में अपडेट | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 8 | 8क | 6 | 7 | 8 | 8क | 6 | 7 | 8 | 8क |
| | | | | | | | | | | | |

**09**. Garuda App के माध्यम से प्राप्त फार्मों की संख्या–

| जिले में प्रारंभिक प्रकाशन में कुल मतदाताओं की संख्या | प्राप्त फार्म | | | | | प्राप्त कुल फार्मों की संख्या में से Garuda App के माध्यम से प्राप्त फार्मों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | फार्म 6 | फार्म 7 | फार्म 8 | फार्म 8(क) | कुल फार्म | |
| | | | | | | |

**10**. Garuda App में मतदान केन्द्र से संबंधित सभी जानकारी अद्यतन करने का दिनांक–

**11. विशेष शिविरो की उपलब्धियाँ–**

- विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2022 हेतु आयोजित विशेष शिविर का प्रतिवेदन
- विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01.01.2022 हेतु आयोजित विशेष शिविर का प्रतिवेदन
- स्वीप कैलेण्डर में वर्णित कार्यक्रमों के संपादन में आयोजित विशेष शिविरों की जानकारी

**विशेष शिविरो के प्रतिवेदन हेतु प्रारूपः–**

| सक | शिविर का नाम | शिविर का स्थान / दिनॉक | Focussed Group | शिविर की उपलब्धियॉ |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

(प्रत्येक शिविर दिनॉक एवं स्थान पर लिया गया फोटोग्राफ अवश्य संलग्न करें)

**12. प्रशिक्षण कार्य की उपलब्धियॉ**

- विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01.01.2022 हेतु आयोजित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का प्रतिवेदन (बी.एल.ओ. एवं सुपरवाईजर आदि का प्रशिक्षण)
- शैक्षणिक संस्थानों में नियुक्त कैम्पस अंबेसडर एवं प्राध्यापक नोडल ऑफिसर के प्रशिक्षण का प्रतिवेदन
- अन्य प्रशिक्षण

**प्रशिक्षण के प्रतिवेदन हेतु प्रारूपः–**

| सक | कार्यकम का नाम | प्रशिक्षण स्थान / दिनॉक | Focussed Group | प्रशिक्षण की उपलब्धियॉ |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

(प्रत्येक प्रशिक्षण कार्यकम दिनॉक एवं स्थान पर लिया गया फोटोग्राफ अवश्य संलग्न करें)

**13.** स्वीप गतिविधि के अंतर्गत जिला में आयोजित कार्यक्रमों का दस्तावेजीकरण करते हुए संपूर्ण प्रतिवेदन–

**14.** जिला स्थित शैक्षणिक संस्थानों में आयोजित होने वाले मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संयोजन।

**15.** Electoral Literacy Club के कियान्वयन के संबंध में अर्जित उपलब्धि।

**16.** मु.नि.प. द्वारा निर्देशित विभिन्न कार्ययोजनाओं का समय सीमा में कियान्वयन की स्थिति।

**17.** विशेष उल्लेखनीय प्रयास या नवाचार।

**18.** अन्य उपलब्धियॉ।

